भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 256
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

भारतीय डाक भुगतान बैंक

256. श्री अरुण भारती :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) ग्रामीण क्षेत्रों में सफलतापूर्वक प्रवेश करने और एक लाख से अधिक डाकघरों में अपनी सेवाएं आरंभ करने में सफल रहा है;

(ख) क्या आईपीपीबी के आरम्भ से ग्रामीण बैंकिंग अवसंरचना को दोगुना कर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो सरकार बिहार में डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के माध्यम से आईपीपीबी को ग्रामीणों के घर तक पहुंचाने के लिए किस प्रकार और अधिक प्रयास कर रही है; और

(घ) हाल ही में बजट में की गई इस घोषणा का कार्यान्वयन कैसे किया जाएगा कि सभी 1.5 लाख डाकघरों को कोर बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करने और बचत और अन्य खाताधारकों को इंटरनेट और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, हां।

(ख) जी, हां। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 1.3 लाख डाकघरों सहित 1.62 लाख डाकघरों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम बनाया है। इसके

फलस्वरूप ग्रामीण बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में 2.5 गुना की वृद्धि हुई है। लगभग 1.89 लाख पोस्टमेन तथा ग्रामीण डाक सेवकों को स्मार्ट फ़ोन और बायोमीट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि ग्राहकों को द्वार पर बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराई जा सकें। इन सेवाओं में, खाते से डेबिट अथवा नकद भुगतान के माध्यम से जनोपयोगी बिल, डायरेक्ट-टु-होम (डीटीएच)/ मोबाइल रिचार्ज, समान मासिक किस्त (ईएमआई) का भुगतान आदि जैसी बिल भुगतान संबंधी सुविधाएं शामिल हैं।

(ग) आईपीपीबी, बिहार राज्य में 9,013 डाकघरों तथा 8,624 पोस्टमेन/ग्रामीण डाक सेवकों के नेटवर्क के माध्यम से जनसामान्य को सेवाएं मुहैया करा रहा है। आईपीपीबी द्वारा 1.28 करोड़ बचत बैंक खाते खोले गए हैं तथा 17 लाख ग्राहकों को उनके द्वार पर बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

(घ) देशभर में फैले 1.5 लाख डाकघरों को कोर बैंकिंग प्रणाली से लिंक किया गया है। इसके फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ग्राहकों को वित्तीय सेवाओं और इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहक, डाकघर बचत खाते से बैंक खाते तथा बैंक खाते से डाकघर बचत खाते में निधि अंतरित कर सकते हैं।

*****